आई टी एल पब्लिक स्कूल
सामयिक परीक्षा 1 (2024-25)
विषय- हिंदी

दिनांक ः पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका कक्षाः चतुर्थ ----

समय ः 1 घंटा नाम ः -----------

सामान्य निर्देश-

1)इस कार्य -पत्रिका में 2 पृष्ठ , 3 भाग और कुल 10 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

	भाग- क	
प्रश्न 1	निम्नलिखित गिनती को हिंदी अंकों में लिखें। (अ)पचपन | (ब) अड़सठ	
प्रश्न2	निम्नलिखित गिनती को शब्दों में लिखे। (अ) 59 | (ब) 69	
प्रश्न 3	निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए। (अ) आज बगीचे में बहुत गरमी है। (ब) गंगा नदी हिमालय पर्वत से निकलती है ।	
प्रश्न 4	निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए। (अ) ....बाज़ार से सब्ज़ी लाए (जातिवाचक संज्ञा) (ब) ....प्रसिद्ध कलाकार हैं। (व्यक्तिवाचक संज्ञा)	
प्रश्न 5	दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । आकाश में उड़ते हुए पक्षियों को देखकर हमारा मन भी उड़ने को करता है।आप सब ने पक्षियों के घोंसले तो अवश्य देखे होंगे।पर क्या कभी सोचा है कि पक्षी घोंसले कैसे बनाते हैं? कुछ पक्षी तो इतना सुंदर घोंसला बनाते हैं कि हम दंग रह जाते हैं।एक कुशल कलाकार की तरह एक-एक तिनके को यहाँ-वहाँ से उठा कर लाते हैं और उन्हें जोड़- जोड़कर वे अपना घोंसला बनाते हैं।रोचक बात यह है कि एक पेड़ पर तरह तरह के पक्षी होते हैं और उन सब के घोंसले भी अलग- अलग तरह के होते है।इन सब में बया नाम की चिड़िया का घोंसला सबसे अलग होता है। वह बहुत बुद्धिमान चिड़िया है। वर्षा ऋतु के शुरु होते ही यह अपना घोंसला बनाती है। यह अपना घोंसला बबूल के पेड़ पर या पानी पर झुके ताड़ के पेड़ों पर बनाती है।	

	(क)किस पक्षी का घोंसला सबसे सुंदर व अलग होता है ? (ख) पक्षी अपना घोंसला कैसे बनाते हैं ? (ग) बया अपना घोंसला कहाँ बनाती है? (घ)गद्यांश में से विलोम शब्द ढूँढकर लिखें । मूर्ख,असुंदर	
प्रश्न 6	भाग ख पंक्तियाँ पूरी कीजिए। (अ)कुछ ऊँटों से -------------------- (ब)कुछ परियों से --------------------	
प्रश्न 7	नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में दें। (अ) बादल जोकर की तरह क्या कर रहे हैं ? (ब) बादलों के बाल कैसे हैं ?	
प्रश्न 8	निम्नलिखित शब्दों के दो -दो पर्यायवाची लिखें। (अ) पहाड़ (ब) अध्यापक	
प्रश्न 9	भाग ग नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 20 से 30 शब्दों में दें। (अ)हमें वर्षा के जल को बचाने के लिए क्या करना चाहिए ? (ब) तूफ़ान क्या होता है?	
प्रश्न 10	दिए गए विषयों में से किसी एक विषय में अनुच्छेद लिखें। ग्रीष्म ऋतु अथवा राष्ट्रीय पक्षी मोर	

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/